राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 10 फरवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा प्रस्तुत बजट 2023-2024 में की गई लोककल्याणकारी घोषणाओं को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राजस्थान सरकार का बजट प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है तथा बजट घोषणाओं के पश्चात् प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों तथा पिछड़ों में खुशी है।

श्री डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत् बीमा राशि प्रति परिवार 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 25 लाख रूपये करना, दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख रूपये से बढ़ाकर 10 लाख रूपये करना तथा ईडब्ल्यूएस परिवारों को निःशुल्क चिरंजीवी योजना का लाभ देने की घोषणा एवं उज्जवला योजना के 76 लाख परिवारों को 500 रूपये में एलपीजी गैस सिलेण्डर, किसानों को 2000 यूनिट तक मुफ्त बिजली, घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक निःशुल्क बिजली तथा एक करोड़ परिवारों को खाद्य सुरक्षा के तहत् अन्नपूर्णा पैकिट देने, महात्मा गाँधी मिनिमम् गारण्टी रोजगार स्कीम के तहत् 125 दिन प्रतिवर्ष का रोजगार, बुजुर्ग पेंशन योजना को 500 रूपये से बढ़ाकर 1000 रूपये करना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कानून लाने की घोषणा, रोडवेज में महिलाओं को किराये पर छूट 50 प्रतिशत करना तथा प्रदेशवासियों को कोई नया कर नहीं लगाने की घोषणा अभूतपूर्व है।

उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिये 500 करोड़ रूपये का विकास कल्याण कोष बनाया गया है तथा सभी भर्तियों की परीक्षाओं को निःशुल्क किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निगमों, निकायों एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को भी ओल्ड पेंशन योजना का लाभ देने की घोषणा हुई है। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत् कक्षा एक से बाहरवीं तक छात्राओं के साथ छात्रों को भी निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को अगले वर्ष निःशुल्क ड्रेस देने, कालीबाई एवं देवनारायण स्कूटी योजना के तहत् 20 हजार की जगह 30 हजार स्कूटी प्रदान करने की घोषणा की गई है। स्कूली छात्रों को 75 किलोमीटर की निःशुल्क यात्रा का लाभ देने की घोषणा प्रदेश के युवाओं के कल्याण का कार्य करेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter